डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-248 / FNo.CoE-165A-Vth/Exam/BackPaperExam 2021/DSMNRU / 2020–21 दिनांकः 11 .02.2021

# आवश्यक सूचना–पंचम

{बैक (सम–विषम सेमेस्टर) पेपर परीक्षा–2021 हेतु ऑन–लाइन आवेदन विषयक}

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त सेमेस्टर/वार्षिकी पाठ्यक्रमों की सत्रान्त परीक्षा–मई, 2020 के अन्तर्गत वार्षिकी/सम सेमेस्टर एवं अधिसत्र परीक्षा दिसम्बर, 2020 के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर में अध्ययनरत् अर्ह विद्यार्थियों के बैक (सम–विषम सेमेस्टर) पेपर परीक्षा–2021 में प्रतिभाग किये जाने के संबंध में, विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 8वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त पत्रांक सी.ओ.ई.–209 दिनांक 29.01.2021 में लिये गये निर्णय के अनुपालन में प्रत्येक वर्ष के दोनो अधिसत्रों में कुल मिलाकर अथवा पृथक–पृथक अधिसत्र में 04 या 04 से कम प्रश्न–पत्रों में बैक पेपर परीक्षा में प्रतिभागिता हेतु निर्गत आवश्यक सूचना–चतुर्थ पत्रांक सी.ओ.ई–210 दिनांक 30.01.2021 के द्वारा दिनांक 10.02.2021 तक समयावधि विस्तारित करते हुए संबंधित अर्ह विद्यार्थियों को ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

तत्क्रम में जिन परीक्षार्थियों द्वारा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन भरा नहीं जा सका है, के अनुरोध के दृष्टिगत् निम्नानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन परीक्षा–आवेदन भरे जाने हेतु **दिनांक 15.02.2021 तक समयावधि विस्तारित की जाती है।**

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं इससे सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं के अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये बैक पेपर परीक्षा–2021 हेतु दिनांक 15.02.2021 तक आवेदन भर सकते हैं। उक्त ऑनलाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने विभाग/संस्था में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी रिकार्ड हेतु सुरक्षित रखें।

2) **विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सम्बन्ध में (बी0टेक को छोड़कर)** बैक पेपर हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/–की दर से वांछित बैक पेपर शुल्क धनराशि को बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में RTGS/NEFT/off line के माध्यम से जमा करेंगे।

3) **विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में** अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सम्बन्ध में बैक पेपर हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/– की दर से वांछित बैक पेपर शुल्क धनराशि को बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100007893 (IFSC-BARB0MOHAAN) में** RTGS/NEFT/off line के माध्यम से जमा करेंगे।

4) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं के नियमानुसार बैक पेपर परीक्षा के सम्बन्ध में आवेदन करने वाले अर्ह विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/–की दर से वांछित बैक पेपर शुल्क धनराशि को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में RTGS/NEFT/off line के माध्यम से जमा करेंगे।

5) ऑन लाइन आवेदन–प्रपत्र में समस्त प्रविष्टियॉ सावधनीपूर्वक स्पष्ट एवं सही अंकित की जाय। निर्धारित व्यवस्थानुसार बैक पेपर परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी।

6) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

7) **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश** :–

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी अभिलेख की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।

डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक पत्र/प्रमाण–पत्र, स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक पत्र/प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KB साइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KB साइज में।

उपरोक्त के कम में आवेदकों से अपेक्षित है कि उल्लिखित व्यवस्थानुसार निर्धारित समयावधि में परीक्षा आवेदन में सही एवं स्पष्ट सूचना/विवरण अंकित करते हुए उक्त आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ जिन प्रश्न–पत्रों में अनुत्तीर्ण होने के कारण बैक पेपर भरा गया है उससे संबंधित निर्गत की गई अंकतालिका तथा जमा किये गये निर्धारित शुल्क के संगत अभिलेख की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करते हुए संबंधित विभाग में जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य/भ्रामक/अपूर्ण/अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने नहीं दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः CoE-243 / FNo.CoE-165A-Vth/Exam/BackPaperExam 2021/DSMNRU / 2020–21 दिनांकः 11 .02.2021

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्तानुसार निर्णय के अनुपालन में अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित/सूचित करने का कष्ट करें तथा संबंधित विद्यार्थियों के प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों (मय संलग्नक सहित) को अग्रसारित करते हुए सूचीबद्ध विवरण सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।
5. सहायक कुलसचिव (शैक्षिक), विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
7. समस्त विभागीय पटल सहायक, को अनुपालनार्थ।
8. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान अपने स्तर से भी संबंधित अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) परीक्षणोंपरान्त अग्रसारित करते हुए उसको सूचीबद्ध विवरण सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।

11/2/21

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक